**योजना** | लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रभावी कदम

# माताओं-बहनों का सम्मान प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**नवभारत/ नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के लिये माताओं और बहनों का सम्मान सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रदेश शासन की सबसे बड़ी और प्रभावी योजनाओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि नरसिंहपुर की पावन धरती पर बहनों के बीच पहुंचकर ऐसा अनुभव हो रहा है मानो रक्षाबंधन, भाईदूज और दीपावली जैसे सभी पर्व एक साथ मनाए जा रहे हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नरसिंहपुर जिले के ग्राम मुंगवानी में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के राज्य स्तरीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश की 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में योजना की 36वीं किस्त के रूप में 1835 करोड़ रुपये की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। साथ ही 296 करोड़ 34 लाख रुपये लागत के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर जिले को विकास की बड़ी सौगात दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक संबल देने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 55 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि बहनों के खातों में अंतरित की जा चुकी है।





### रानी दुर्गावती के पराक्रम को नमन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान नरसिंह की यह भूमि वीरांगना रानी दुर्गावती के शौर्य और पराक्रम की साक्षी रही है। उनके सम्मान में प्रदेश सरकार द्वारा जबलपुर एवं सिंग्रामपुर में विशेष कैबिनेट बैठकों का आयोजन किया गया। वहीं आदिवासी शहीद भभूत सिंह के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को स्मरण करते हुए भी विशेष कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बड़ रही है। वर्तमान में मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटों में से 6 पर महिला सांसद, 27 महिला विधायक तथा 5 महिला मंत्री कार्यरत हैं।

### महिलाएं अब हर क्षेत्र में आगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बेटियों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। अब महिलाएं केवल पारंपरिक कार्यों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कम्प्यूटर, सुरक्षा, प्रशासन और तकनीकी क्षेत्रों में भी आगे बड़ रही हैं। पुलिस विभाग में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 4 लाख से अधिक महिलाएं स्वरोजगार से जुड़ी हैं। रेडीमेड वस्त्र उद्योग एवं कारखानों में कार्यरत महिलाओं को 5 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है। साथ ही 34 लाख महिला कृषकों को दुग्ध उत्पादन से जोड़कर उनकी आय बड़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 गाय या भैंस पालन करने वाले पशुपालकों को सरकार द्वारा 10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुरनूर नस्ल की गौवंश का पूजन किया। साथ ही उनके बछड़ों को दूध पिलाया। यह इंडो-ब्राजिलियन नस्ल की बताई गई है।

### किसानों के हित में सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरसिंहपुर जिला गन्ना उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है और इसे शक्कर का कटोरा कहा जाता है। गाडरवारा की तुअर दाल देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखती है। यह जिला गेहूं एवं सोयाबीन उत्पादन में भी अग्रणी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गेहूं, चना, सरसों, मसूर एवं उड़द की समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित कर रही है। उड़द पर 600 रुपये प्रति क्विंटल बोनस भी दिया जाएगा। मध्यप्रदेश देश में सर्वाधिक गेहूं खरीदी करने वाला राज्य बन चुका है। किसानों के हित में 23 मई तक खरीदी जारी रहेगी तथा आवश्यकता पड़ने पर अवधि और बड़ाई जाएगी।

### विकास की नई दिशा में मध्यप्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश में व्यापक परिवर्तन हुए हैं और मध्यप्रदेश भी तेजी से विकास की दिशा में आगे बड़ रहा है। प्रदेश सरकार सिकल सेल एवं कुपोषण जैसी चुनौतियों से प्रभावी ढंग से मुकाबला कर रही है। उन्होंने बताया कि लाड़ली लक्ष्मी योजना के माध्यम से 53 लाख बेटियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। प्रदेश की 80 लाख बेटियों को शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति दी जा रही है तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में 55 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है।

### सड़क दुर्घटना पीड़ितों के उपचार का खर्च उठाएगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों के उपचार हेतु 1.50 लाख रुपये तक का पूरा खर्च सरकार वहन कर रही है। उन्होंने कहा कि अब दुर्घटना पीड़ितों की सहायता करने वाले लोगों को डरने की आवश्यकता नहीं है। घायल को गोल्डन आवर में अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्तियों को सरकार द्वारा 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है।

### जल संरक्षण में जनभागीदारी जरूरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि जल है तो जीवन है, जल है तो खेती है और जल है तो समृद्धि है। उन्होंने प्रदेशवासियों से जल संरक्षण अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की। उन्होंने नरसिंहपुर जिले के ग्राम मेख में एक मालगुजार द्वारा तालाब निर्माण के लिए 21 एकड़ भूमि दान करने की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय पहल बताया।

### जिले की धरोहरों पर आधारित कैलेंडर का विमोचन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम में नरसिंहपुर जिले की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक धरोहरों पर आधारित विशेष कैलेंडर का विमोचन किया। इसमें बरमान घाट, मृगनाथ तपोवन आश्रम, दादा दूल्हादेव महाराज, नरसिंह मंदिर, चौगान का किला, बरहेटा की पुरातात्विक धरोहर, गरूण मंदिर, बिनेकी टोला के शैल चित्र, मां राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी मंदिर, पीतल नगरी चीचली तथा गुरु गुफा अमोदा शंकर घाट जैसे प्रमुख स्थलों को शामिल किया गया है।

### 40 विकास कार्यों की सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 296 करोड़ 34 लाख रुपये लागत के 40 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 215 करोड़ 65 लाख रुपये लागत के 17 कार्यों का भूमिपूजन तथा 80 करोड़ 68 लाख रुपये लागत के 23 कार्यों का लोकार्पण शामिल है।

### मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुंगवानी में कॉलेज खोलने की घोषणा की। साथ ही बेलखेड़ी-बरहटा-मुंगवानी मार्ग पर शेड़ नदी पर पुल निर्माण, नरसिंहपुर में इंडोर-आउटडोर स्टेडियम उन्नयन, हॉकी के लिए एस्ट्रोटर्फ मैदान निर्माण तथा ग्राम बुड़ैना में बांध निर्माण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने खर्चों में नियंत्रण रखने की अपील की है। प्रदेश सरकार भी इस दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि उनके काफिले में अब केवल 8 वाहन ही चलेंगे। उन्होंने आमजन से भी सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करने, पेट्रोल-डीजल की अनावश्यक खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग करने तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बड़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसने लोगों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभागों के नवाचारों की सराहना की। उन्होंने अभ्युदय नि:शुल्क कोचिंग पहल को प्रेरणादायी बताते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को दी जा रही सहायता की प्रशंसा की। कृषि विभाग द्वारा प्रस्तुत समेकित नरवाई प्रबंधन मॉडल का अवलोकन कर किसानों के हित में इसके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश भी दिए। प्रदर्शनी में गन्ने के अवशेषों से निर्मित पर्यावरण अनुकूल प्लाईवुड, पारंपरिक पीतल के बर्तन तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार सजावटी एवं उपयोगी उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। मुख्यमंत्री ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। एक जिला एक उत्पाद के तहत महिलाओं ने मुख्यमंत्री को अरहर दाल से निर्मित मुख्यमंत्री की तस्वीर भेंट की।

### प्रतिभाओं का सम्मान

कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं आर्थिक सहायता वितरित की गई। माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। वॉलीबॉल एवं क्रिकेट प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रैक सूट प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। वहीं सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले राहगीरों को भी सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर 51 लाड़ली बहनों ने कलश यात्रा के माध्यम से उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बहनों को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया तथा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लाड़ली बहनों पर पुष्पवर्षा कर आत्मीय अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। प्रदेश शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि आज का दिन प्रदेश की लाड़ली बहनों के लिये उत्सव और सम्मान का दिवस है। प्रदेश सरकार महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिये।



# आइशर ट्रक ने दो को रौंदा, शवों को रखकर सड़क पर बैठे ग्रामीण

**नवभारत/नरसिंहपुर/तेंदूखेड़ा।** बुधवार को तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग पर भामा के आगे एक आइशर मालवाहक बाहन ने दो लोगों को रौंदते हुए भाग निकला। घटना की जानकारी लगते ही संपूर्ण क्षेत्र से बड़ी संख्या में मृतकों के परिजनों के साथ बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई और गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर जाम लगा दिया। घटना दोपहर साढ़े ग्यारह बजे के आस पास की बताई जा रही है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार ग्राम करोंदी निवासी लखनलाल पिता रघुवीर गौड़ 30 वर्ष एवं तेजराम पिता सेवाराम ठाकुर उम्र 40 साल एवं केशव पिता पूरन धानक उम्र 32 साल मोटरसाइकिल से करोंदीं से तेंदूखेड़ा तरफ जा रहे थे कि काल बनकर सामने तरफ से आ रही एक आइशर मालवाहक बाहन ने सीधी टक्कर मार दी जिसमें दो लोगों तेजराम और लखन लाल की घटना स्थल पर दुखद मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल चालक केशव धानक को गंभीर चोटें आई हैं। घटना को जिसने भी देखा रोंगटे खड़े हो गए। घटना की जानकारी लगते लोगों ने सड़क मार्ग पर किया चक्का जाम कर दिया और जिले के किसी वरिष्ठ अधिकारियों को पहुंचने तक जाम बनाकर रखा।

### आये दिन घटित हो रही घटनाएं

गाडरवारा तेंदूखेड़ा सड़क मार्ग पर आये दिन घटनाएं घटित होना चिंता का विषय बनीं हुई है।काफी घुमावदार मार्ग पर एन टी पी सी के बड़े बड़े कंटेनर राख ( फ्लाइएश) लेकर दिन रात अबाध गति से दौड़ते हैं।अभी तक छ मौतें हो चुकी है। लेकिन प्रशासन के द्वारा किसी भी प्रकार की कोई उचित और ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्रीय लोगों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से उक्त भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगना चाहिए।

### घटना स्थल पर पहुंची कांग्रेस की अध्यक्ष

घटना की सूचना मिलते ही जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुनीता पटेल के साथ साथ जनपद पंचायत चांवरपाठा के अध्यक्ष सोबरन सिंह ठाकुर तथा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल के साथ वीरेंद्र सिंह ठाकुर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


**परिजनों को दो-दो लाख का मुआवजे का आश्वासन:** लगभग पांच छ: घंटे तक चक्काजाम लगे रहने और मुआवजा सहित विभिन्न मांगों का आश्वासन दिए जाने के उपरांत लोग माने मौके पर उपस्थित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पूजा सोनी ने पीड़ति परिवारों को दो दो लाख रुपए दिलाये जाने का आश्वासन दिया।इस विषय को लेकर क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि कि तत्काल प्रभाव से जिला प्रशासन को अवगत करा दिया गया है और भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाये जाने की दिशा में कार्यवाही कराई जाएगी।

## एक नजर में

### भीषण गर्मी, लाइट गुल, लापरवाह बिजली विभाग

**नवभारत, गोटेगांव।** नगर में मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के द्वारा अच्छी मोटी पगार लेकर भी ड्यूटी ठीक से नहीं की जा रही है।गोटेगांव शहर का ये हाल है कि गर्मी तीव्रता के साथ पड़ रही है वहीं बिजली भी चाहे जब अनिश्चित कालीन बंद कर दी जाती है जिसका कोई टाइम टेबिल नहीं है। इतने के बाद मोबाइल भी बंद कर लिया जाता है बिजली गुल होने की सूचना या कुछ आवश्यक कार्य से फोन लगाया जाता है तो मोबाइल बंद रहता है लैंड लाइन भी बंद बताता है आखिर माजरा क्या है जो शासन अधिकारियों को लाखों रुपया तनख्वाह देता है एक जगह का मेंटेन होता है नहीं है और कंपनी अधिकारियों को दो दो जगह का कार्य भार सम्हालने पर मजबूर कर देती है।आखिर माजरा क्या है।एक तरह तो शासन कहता है कि भरपूर बिजली मिलेगी बस यही कोरी घोषणाओं में नगर वासी परेशान हैं जवाबदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि यहां नगर की हालत और ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करें और वास्तविकता से अवगत होते हुए इस भीषण गर्मी में घंटों लाइट बंद रहने से होने वाली परेशानी से नगरवासियों को राहत दिलाएं।

### मुआर गांव में युवक ने फांसी लगाई इलाके में हड़कंप मच गया



**नवभारत, गोटेगांव।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुआरघाट में राजू मलाह नामक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाए जाने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूत्रों के अनुसार 13 मई की सुबह यह मामला सामने आया। पुलिस सूत्रों से जानकारी के मुताबिक लगभग चार दिन पहले लखनादौन निवासी एक महिला अपने साथ एक लेबर के साथ राजू के यहां गई थी। आरोप है कि राजू उन्हें वापस आने नहीं दे रहा था। मामले की सूचना 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस गांव पहुंची और महिला को अपने साथ लेकर आई थी। इसके बाद महिला ने थाना गोटेगांव में शिकायत भी की थी। सूत्रों के अनुसार शिकायत में ग्रामीणों को परेशान करने की बात भी सामने आई थी। पुलिस ने पूछताछ के प्रयास किए थे, लेकिन उस समय राजू नहीं मिला था। और राजू ने दिनांक 13 मई को सुबह फांसी लगा ली फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

### श्रीमती कमला माधवानी का निधन

**नवभारत, गोटेगांव।** विगतदिवस नगर के प्रतिष्ठित नागरिक समाजसेवी कपड़ा व्यवसाई गुरुनानक वार्ड सिंधी कॉलोनी स्थित निवासी श्यामूमल, गागनदास, वसंत कुमार गुरनामल माधवानी की भाभी एवं लखी माधवानी की परम पूज्य माताजी व सुमित माधवानी की दादीश्री श्रीमती कमला माधवानी का 80 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया है! आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व की महिला थी, आपके निधन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया, अंतिम संस्कार शवयात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रति निधियों व नागरिकों ने मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में शामिल होकर दाह संस्कार करने के उपरांत उपस्थितजनों ने श्रीमती कमला माधवानी की दिवंगत आत्मा की शांति हेतु अनुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतृप्त परिवार जनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार जनों को इस गहन दुख सहन करने हेतु परमपिता परमात्मा से प्रार्थना की।



# कॉलेज गई युवती लापता, गाडरवारा में बड़ा मामला

**नवभारत, गाडरवारा।** क्षेत्र की एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला अब तूल पकड़ता नजर आ रहा है। बुधवार को ग्रामीणों एवं हिन्दू समर्थक संगठन के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में थाना पहुंचकर थाना प्रभारी के नाम ज्ञापन सौंपा और युवती की जल्द तलाश कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन के अनुसार मोनिका वर्मा निवासी बसुरिया 4 अप्रैल 2026 को कॉलेज जाने के लिए घर से निकली थी, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों और ग्रामीणों ने युवती के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। ज्ञापन में पुलिस प्रशासन से युवती को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंपने तथा मामले से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच करने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि तय समय में प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। घटनाक्रम के बाद क्षेत्र में मामले को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू करने की बात कही है।

# जर्जर पुल कभी भी बन सकता है हादसे की वजह



**नवभारत, गाडरवारा।** चीचली, तेंदूखेड़ा से बाघाकुड़ी जाने वाले मार्ग पर सीतारेवा नदी पुल इन दिनों गंभीर खतरे का कारण बना हुआ है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत वर्षों पहले निर्मित यह पुल अब लगातार जर्जर होता जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और प्रशासन अब तक उदासीन बने हुए हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पुल के नीचे का हिस्सा नदी के तेज बहाव में लगातार कटता जा रहा है, जिससे पुल अंदर से खोखला हो चुका है।

पुल के कई हिस्सों से गिट्टी और सामग्री बहकर निकल रही है, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार पुल निर्माण में मानकों की अनदेखी की गई थी और नदी की गोल गिट्टी का उपयोग किए जाने की आशंका जताई जा रही है। बताया जाता है कि कुछ वर्ष पहले आई बाढ़ के दौरान पुल में दरारें आ गई थीं। उस समय भी इस समस्या को प्रमुखता से उठाया गया था, लेकिन प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। परिणामस्वरूप आज पुल की हालत और अधिक खराब हो चुकी है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि इस पुल से प्रतिदिन भारी वाहन, ट्रैक्टर, बाइक और ग्रामीणों की आवाजाही लगातार जारी है। ऐसे में किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। पुल की स्थिति देखकर ऐसा प्रतीत होता है मानो वह पूरी तरह भगवान भरोसे चल रहा हो। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल का तत्काल तकनीकी निरीक्षण कराया जाए, भारी वाहनों की आवाजाही रोकी जाए और वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़ी जनहानि को टाला जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जिम्मेदार विभाग नहीं जागे, तो यह जर्जर पुल किसी दिन बड़ी त्रासदी का कारण बन सकता है।

### योजनाएं दम तोड़ रहीं, जनता परेशान

**नवभारत, साईंखेड़ा।** केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन सरकारी विभागों में कर्मचारियों की भारी कमी के चलते इन योजनाओं का लाभ समय पर लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। कई विभागों में पद रिक्त होने से कामकाज प्रभावित हो रहा है और आम नागरिकों को दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों और हितग्राहियों का कहना है कि शिकायतों और आवेदन के बाद भी समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो रहा। योजनाओं का क्रियान्वयन केवल औपचारिकता बनकर रह गया है। अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी के कारण फाइलें लंबित पड़ी हैं, जिससे शासन की मंशा पर भी सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि कई विभागों में लंबे समय से रिक्त पद नहीं भरे गए हैं। इसका सीधा असर जनहित से जुड़ी योजनाओं पर पड़ रहा है।

# पुलिस ने तत्काल पहुंचकर की वृद्ध महिला की मदद

**नवभारत, नरसिंहपुर।** पुलिस बनी बेसहारा वृद्ध महिला का सहारा निर्भया मोबाइल को ग्राम तूमड़ा में असहाय वृद्ध महिला के संबंध में मिली थी सूचना। सूचना मिलते ही साँईखेड़ा पुलिस ने तत्काल पहुँचकर वृद्ध महिला की मदद की। पुलिस टीम ने भोजन, नए वस्त्र एवं सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था कर दिखाई मानवीय संवेदनशीलता। परिजनों से संपर्क कर कई दिनों से लापता व्यक्ति को सकुशल परिवार से मिलाया। परिवार ने नरसिंहपुर पुलिस का जताया आभार, भावुक कर देने वाला पुनर्मिलन।

विगत दिवस को थाना साँईखेड़ा की निर्भया मोबाइल को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम तूमड़ा में एक असहाय वृद्ध महिला अत्यंत दयनीय स्थिति में रह रही है तथा उसे तत्काल पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही थाना साँईखेड़ा पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल पुलिस टीम निर्भया मोबाइल स्टाफ के साथ ग्राम तूमड़ा के लिए रवाना हुए। दृष्टिहीन एवं शारीरिक रूप से कमजोर वृद्ध महिला दयनीय अवस्था में मिली पुलिस टीम जब मौके पर पहुँची तो ग्राम पंचायत के पुराने भवन के एक बंद शटरनुमा कमरे में वृद्ध महिला खटिया पर असहाय अवस्था में मिली। कमरे के चारों ओर गंदगी फैली हुई थी। वृद्ध महिला दोनों आँखों से दृष्टिहीन थीं तथा शारीरिक रूप से इतनी कमजोर हो चुकी थीं कि स्वयं उठने-बैठने एवं चलने-फिरने में भी असमर्थ थीं। ग्रामीणों एवं सरपंच पति से जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त महिला सब्बो बाई पति स्व. रामरतन पटैल उम्र लगभग 75 वर्ष निवासी ग्राम तूमड़ा हैं, जिनका कोई सहारा नहीं है। परिवार में देखभाल करने वाला कोई सदस्य न होने से वह लंबे समय से निराश्रित अवस्था में जीवन यापन कर रही थीं। महिला की अत्यंत दयनीय स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संधीर चौधरी की मानवीय पहल- थाना प्रभारी सांईखेडा जिला रायसेन के बाड़ी स्थित टीम पहल सेवा आश्रम से संपर्क स्थापित किया गया।



### समुचित देखभाल

इसके बाद पुलिस टीम ने मानवता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए वृद्ध महिला को गोद में उठाकर वाहन तक पहुँचाया, उन्हें भोजन कराया, नए वस्त्र उपलब्ध कराए तथा सुरक्षित आश्रय दिलाने हेतु निजी वाहन की व्यवस्था कर आश्रम भेजा गया। महिला उ.नि. वर्षा धाकड़, आरक्षक दिनेश पटैल एवं निर्भया मोबाइल स्टाफ ने निभाई सच्ची जनसेवा महिला उप निरीक्षक वर्षा धाकड़ एवं आरक्षक दिनेश पटैल द्वारा वृद्ध महिला सब्बो बाई पटैल को सकुशल टीम पहल सेवा आश्रम, बाड़ी जिला रायसेन में भर्ती कराया गया, जहाँ अब उनकी समुचित देखभाल एवं उपचार किया जाएगा।

### खेल प्रेमी व हॉकी एकेडमी के खिलाड़ियों का सपना पूरा

**नवभारत, नरसिंहपुर।** विगत 14 वर्षो से नरसिंहपुर मैं हॉकी एस्ट्रो tarf की मांग लगातार उठाई जा रही थी N.I.S हॉकी कोच राजकुमार चौबे ने बताया कि 14 वर्षो से लगातार हर स्तर पर जाकर चाहें पूर्व मुख्यमंत्री, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर, सभी से एस्ट्रो tarf लगाने की मांग की एव लगातार प्रयास किए आंदोलन किया, परंतु देर से सही आज नरसिंहपुर हॉकी प्रेमी, खिलाड़ियों, कोच, नरसिंहपुर जिले की जनता यह हम सभी के लिए बड़ी प्रसन्नता व उपलब्धि की बात है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने इस मांग को नरसिंहपुर मैं घोषणा कर पूरा किया, अब आप देखेंगे कि एस्ट्रो tarf लगने के कुछ समय बाद इस जिले से भी अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी निकालना शुरू हो जायगा , इस का श्रेय मैं जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर प्रशासनिक अधिकारि नरसिंहपुर को देना चाहूँगा।